मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-82
03/02/2026

मुख्यमंत्री ने शब–ए–बरात के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनायें दी

पटना, 03 फरवरी 2026 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने शब–ए–बरात के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों विशेषकर मुस्लिम भाई–बहनों को बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि शब–ए–बरात का त्योहार पवित्र है। इस अवसर पर लोग पूरी रात जागकर खुदा की इबादत करते हैं और अपने पूर्वजों को याद करते हैं। शब–ए–बरात की रात मॉगी गयी दुआयें खुदा कबूल करते हैं। उन्होंने कहा कि इस मुबारक रात पर हम सब खुदा से दुआ करें कि हम सबके बीच प्रेम, सद्भाव बढ़े और हम सभी के सम्मिलित प्रयास से बिहार निरंतर प्रगति की ऊँचाई पर बढ़ता रहे।

******